PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Thu, 08 Jun 2017, Page 15
Width: 17.24 cms, Height: 25.81 cms, a4, Ref: 36.2017-06-08.156

खरीफ की 14 फसलों के एमएसपी को मंजूरी

कैबिनेट फैसले

नई दिल्ली | एजेंसी

केंद्र सरकार ने बुधवार को खरीफ मौसम की 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी के प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसमें बरसात मौसम के धान और दलहनों के एमएसपी भी शामिल हैं। इससे अगले माह से पूरे जोर शोर के साथ बुवाई की शुरुआत करने वाले किसानों को राहत मिल सके।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यद्यपि न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के संबंधी जानकारी नहीं दी गई, लेकिन सूत्रों ने संकेत दिया कि मंत्रिमंडल ने इस संबंध में कृषि मंत्रालय के प्रस्ताव के अनुसार ही निर्णय किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला हुआ। खरीफ फसलों का न्यूनतम मूल्य बढ़ाने का फैसला ऐसे समय किया गया है जबकि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र सहित कुछ राज्यों के किसान अपनी मांगों को लेकर उग्र आंदोलन कर रहे हैं जिनमें उनकी उपजों के लिए बेहतर मूल्य की मांग भी शामिल है। कृषि मंत्रालय ने धान के कॉमन ग्रेड किस्म के लिए एमएसपी को 80 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 1550 रुपये और ए ग्रेड के लिए 1590 रुपये करने का प्रस्ताव किया था। दलहन के मामले में वर्ष 2017-18 के लिए 200 रुपये के बोनस सहित एमएसपी में 400 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि करने का प्रस्ताव किया गया था। मध्य प्रदेश की प्रमुख फसल सोयाबीन के एमएसपी में 175 रुपये प्रति क्विंटल का प्रस्ताव किया गया।

कृषि मंत्री ने प्रेस वार्ता और कार्यक्रम रद्द किए

केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह ने कैबिनेट के निर्णयों को संवाददताओं को बताने और पहले से तय एक अन्य संवाददाता सम्मेलन रद्द कर दिया। बयान में कहा गया कि सरकार के स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के सफल समापन से जुड़ा संवाददाता सम्मेलन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।